# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 17 सितंबर 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:




GET IT ON
Google Play

**Download App**

Praveen Kumar Sharma

**GK Search Engine**



## Rajasthan Current Affairs

**by GK Search Engine**

GK Search Engine
GK Search Engine
GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान के जयपुर में किसके सहयोग से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा?

(A) लघु उद्योग भारती

(B) रीको

(C) राजसीको

(D) इनमें से कोई नही

- *केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि लघु उद्योग भारती के सहयोग से जयपुर में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग प्रोग्राम शुरू किया जाएगा और इस प्रोग्राम के जरिए लगभग 5000 युवाओं को ट्रेनिंग भी मिलेगी।*
- *इससे राजस्थान के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे*
- *केंद्र और राज्य सरकार मिलकर जयपुर में एक इंटीग्रेशन केंद्र स्थापित करने वाले हैं और यह सेंटर स्टार्टअप्स को रेलवे सेक्टर से जोड़ेगा। यहां पर युवाओं को मेंटरशिप निवेश और नेटवर्किंग की सुविधा मिलेगी।*
- *जयपुर में एक बड़ा मेंटेनेंस हब बनकर तैयार होगा जहां 12 से 18 ट्रेनों का देखरेख हो पाएगा*

# Yesterday Revision

1. राजस्थान में सरकारी स्तर पर देश का पहला और विदेश स्तर पर लंदन के बाद दूसरा इंस्टीट्यूट ऑफ डर्मेटोलॉजी कहां शुरू होगा?:- SMS, जयपुर

2. वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स लंदन द्वारा राजस्थान के किस विभाग को 5 दुर्लभ प्रजातियों के 17 लाख से अधिक पेड़ लगाने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया?:- राजस्थान शिक्षा विभाग

3. हाल ही में किस कंपनी, को "राजस्थान विजनरी इन सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया?:- INA Solar

4. हाल ही में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के OSD के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?:- मोहन दान रत्नू

5. हाल ही में राजस्थान में "स्वच्छता ही सेवा अभियान" कब से आयोजित किया जा रहा है?:- 17 सितंबर से

**01. राजस्थान में सहकारिता विभाग द्वारा सहकार सदस्यता अभियान कब संचालित किया जाएगा**

(a) 12 से 25 अक्टूबर

(b) 2 से 15 अक्टूबर

(c) 4 से 20 अक्टूबर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सहकारिता विभाग द्वारा आगामी 2 से 15 अक्टूबर तक प्रदेश भर में सहकार सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा।
- यह अभियान राज्य में सहकारिता का विस्तार करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण अवसर होगा।
- अभियान के अंतर्गत प्रमुख रूप से पांच गतिविधियां सम्पादित की जाएंगी, जिनमें नवीन पैक्स के गठन हेतु प्रस्ताव व सदस्यता राशि प्राप्त करना तथा स्वीकृति जारी करना, प्रस्तावित नये सहकारिता कानून के प्रावधानों की जानकारी देना, पैक्स/डेयरी सहकारी समितियों में युवाओं व महिलाओं के लिए विशेष सदस्यता अभियान चलाना,
- पीएम किसान योजना के अंतर्गत लम्बित आवेदनों की ई-केवाईसी व आधार सीडिंग कराकर इनका निस्तारण करना तथा नवीन गोदामों के लिए आवश्यकता के अनुरूप जमीन चिह्नीकरण किया जाना शामिल हैं

02. हाल ही में दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर के वैज्ञानिकों ने जौ की कौनसी नई किस्म विकसित की है?

(A) सिंदूर.3064

(B) R.D.3064

(C) GOLD J.3064

(D) इनमें से कोई नहीं

**Important Facts:**

⭕ जयपुर के वैज्ञानिकों ने जौ की नई किस्म तैयार कर ली है। जौ की इस किस्म को राष्ट्रीय किस्म चयन समिति ने अनुमोदन भी कर दिया है। अब इसे कृषि मंत्रालय को भेजा जाएगा, वहां से गजट नोटिफिकेशन होने के बाद इसकी प्रदेश में पैदावार शुरू हो जाएगी

⭕ दुर्गापुरा स्थित राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान में तैयार जौ की नई किस्म R.D.3064 पर वैज्ञानिकों ने करीब 10 साल के परीक्षण किया। इसके बाद इस किस्म को तैयार किया गया है।

⭕ इस किस्म अधिकतम दाना उपज 91.67 क्विंटल प्रति हैक्टेयर होगी।

👉 यह संस्थान श्रीकर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय,जोबनेर के अधीन संचालित है।प्रोफेसर बलराज सिंह, कुलगुरु

**03. राजस्थान में राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ द्वारा मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान 2025 किसे प्रदान किया गया है?**

(A) डॉ. शालिनी शर्मा

(B) डॉ. पद्मजा शर्मा

(C) डॉ. अनुराधा चौधरी

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

- मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान 2025' साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा को
- राष्ट्रभाषा हिंदी प्रचार समिति, श्रीडूंगरगढ़ ने वर्ष 2025 का सर्वोच्च राष्ट्रीय स्तर का 'मलाराम माली स्मृति साहित्यश्री सम्मान' साहित्यकार डॉ. पद्मजा शर्मा को प्रदान किया।
- यह सम्मान उन्हें उनके समग्र साहित्यिक अवदान के लिए दिया गया।
- उनकी बाल डायरी 'गौरा की खिलखिलाती डायरी' हिंदी की पहली बाल डायरी मानी जाती है।

04. राजस्थान में अब मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में प्रत्येक उष्ट्र पालक के कितने ऊंटों का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा?

(A) 10

(B) 04

(C) 20

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- ऊंटों की संख्या में हो रही कमी को ध्यान में रखते हुए ऊंट संवर्धन को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में महत्वपूर्ण निर्णय लिया।
- योजना में अब प्रत्येक उष्ट्र पालक के 10 ऊंटों का नि:शुल्क बीमा किया जाएगा। इससे बीमारी, हादसे, प्राकृतिक आपदा में इनकी मृत्यु पर पशुपालकों को संबल मिल सके
- पशुपालन विभाग मंगला पशु बीमा योजना में अब पशुपालकों के अधिकतम 10 ऊंटों का नि:शुल्क बीमा करेगा।
- पूर्व में एक ऊंट का बीमा करने का प्रावधान था। योजना में बीमारी, हादसे, प्राकृतिक आपदा से बीमित ऊंट के मरने पर अधिकतम 40 हजार रुपए बीमा राशि देने का प्रावधान है।
- सरकारी फैसले के तहत अब ऊंटों की बीमारी, हादसे या प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने की स्थिति में पशुपालकों को आर्थिक संबल मिलेगा

**05. हाल ही में जयपुर के जवाहर कला केंद्र में सुरताल कला महोत्सव' का 16 सितम्बर को शुभारंभ किसके द्वारा किया गया**

**(A) दिया कुमारी**

**(B) भजनलाल शर्मा**

**(C) हरिभाऊ बागड़े**

**(D) इनमें से कोई नही**




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर के जवाहर कला केंद्र और अंजना वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सुरताल कला महोत्सव' का 16 सितम्बर को भव्य शुभारंभ उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया
- जयपुर में 10 दिवसीय कला-संस्कृति उत्सव-'सुरताल कला महोत्सव' का आयोजन 16 सितम्बर से 25 सितम्बर तक किया जा रहा है।
- यह 10 दिवसीय उत्सव कला और संस्कृति का अद्वितीय संगम है, जिसमें कठपुतली एवं थिएटर, नृत्य और संगीत, चित्रकला, कल संवाद एवं संगोष्ठियों जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित होंगी। ।

06. हाल ही में राजस्थान में 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' को किस योजना' में शामिल करने का प्रस्ताव का अनुमोदन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया है?

(A) मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

(B) मुख्यमंत्री बीज वितरण योजना

(C) कृषक उपहार योजना

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान में 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' को 'कृषक उपहार योजना' में शामिल करने का मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अनुमोदन किया है।
- इससे कृषि उपज मंडी समितियों में ई-भुगतान को बढ़ावा मिलेगा। इस निर्णय से जो व्यापारी ई-नाम के माध्यम से भुगतान करते है उन्हें भी लॉटरी के माध्यम से नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।
- इससे पहले केवल कृषकों को ही ई-नाम से भुगतान प्राप्त करने पर लॉटरी के माध्यम से नगद पुरस्कार प्रदान किया जा रहा था, अब 'ई-भुगतान प्रोत्साहन योजना' को 'कृषक उपहार योजना' में शामिल होने से व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलेगा।
- जो व्यापारी ई-नाम के माध्यम से भुगतान करेंगे उन्हें उसी विक्रय पर्ची पर पुरस्कार हेतु लॉटरी में शामिल किया जा सकेगा।

**07. राजस्थान विधानसभा में मत्स्य पालन संशोधन विधेयक 2025 कब पारित हो गया?**

(a) 6 सितम्बर

(b) 8 सितम्बर

(c) 5 सितम्बर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान विधानसभा में 8 सितम्बर को हंगामे के बीच मत्स्य पालन संशोधन विधेयक 2025 पारित हो गया। इस विधेयक में अवैध रूप से मछली पकड़ने पर जुर्माने की राशि बढ़ाने का प्रावधान है,
- मत्स्य पालन संशोधन विधेयक में अवैध रूप से मछली पकड़ने पर जुर्माने की राशि पहले की तुलना में काफी बढ़ा दी गई है।
- नए प्रावधानों के तहत, पहली बार अवैध रूप से मछली पकड़ने पर जुर्माना 500 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दिया गया है। वहीं, दूसरी बार उल्लंघन करने पर जुर्माना 1,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दिया गया है।

**08. राजस्थान में किस जिले की अनुया प्रसाद ने टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई किया है?**

(A) उदयपुर

(B) करौली

(C) जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर की बेटी अनुया प्रसाद ने मूक-बधिर होने के बावजूद टोक्यो में होने वाले 2025 डेफ ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई कर देश का नाम रोशन किया
- पिछले साल जर्मनी के हनोवर में हुए विश्व डेफ शूटिंग चैंपियनशिप में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल कंपटीशन में गोल्ड जीता था
- टॉप शूटरों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल दोनों श्रेणियों में ही अपना स्थान पक्का किया है।

09. नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री कौन बनीं, जिन्होंने 12 सितम्बर 2025 को शपथ ली?

(a) विद्या देवी भंडारी

(b) सुशीला कार्की

(c) ओनसरी घर्ती

(d) सुजाता कोइराला



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- 12 सितम्बर 2025 को 73 वर्षीय सुषिला कार्की ने नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली।
- वे इससे पहले नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश भी रह चुकी हैं।
- उनका कार्यकाल ऐसे समय शुरू हुआ जब देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ विरोध और सोशल मीडिया बैन को लेकर व्यापक प्रदर्शन हो रहे थे। जिसके चलते प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस्तीफा दिया था

**10. हाल ही में 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप (लिवरपूल) में 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक किसने जीता?**

(a) निखत ज़रीन

**(b) मीनाक्षी हुड्डा**

(c) लवलीना बोरगोहेन

(d) मंजीत कौर



**Important Facts:**

- लिवरपूल में आयोजित 2025 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की मीनाक्षी हुड्डा ने स्वर्ण पदक जीता
- 48 किग्रा भारवर्ग के फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कज़ाख़स्तान की पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता नाज़िम किज़ाइबे को 4-1 से हराया।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में किस कंपनी, को "राजस्थान विजनरी इन सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया?**

(A) रेज़ पावर इंफ्रा

(B) नवितास सोलर

(C) INA Solar

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW | PRESS BELL ICON | Like | Share

FOLLOW ON INSTAGRAM — GK Search Engine

FOLLOW ON FACEBOOK — GK Search Engine

JOIN US ON TELEGRAM — GK Search Engine